an>

Title: Need to improve the BSNL mobile service in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) ः बी.एस.एन.एल. देश में वर्ष 2020 तक 5जी नेटवर्क उपलब्ध कराने की रूपरेखा तैयार कर रही है। देश के कई हिस्सों में ठीक ढंग से 2जी, 3जी तथा 4जी का नेटवर्क अभी पूरी तरह से नही पहुँचा। बी.एस.एन.एल. के मोबाईल टेलीफोन के सिग्नल अत्यंत कमजोर हैं। प्रायः उपभोक्ताओं को प्राईवेट कम्पनियों के मोबाईल को नेटवर्क की उपलब्धता के कारण रखना पड़ता है। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में रैगांव, खम्हरिया, बकिया, बरौंधा, परसमनिया, धारकुड़ी, मारकण्डे, बड़ा इटमा, बदेरा एवं जसो के क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल. का नेटवर्क अत्यंत कमज़ोर है और कहीं-कहीं तो बिल्कुल भी नहीं है। लगातार कई बार नये बी.टी.एस. टावर लगाने के प्रस्ताव दिये गये, किंतु स्थानीय दूरसंचार कार्यालय का यही कहना रहता है कि प्रस्ताव भेजे गये हैं तथा अभी स्वीकृति नहीं हो पाई है। मैं मांग करता हूँ कि तत्काल नेटवर्क ठीक करने हेतु बी.टी.एस. टावर का निरीक्षण कर नये बी.टी.एस. टावर स्थापित किये जायें। जिन क्षेत्रों में 2जी, 3जी एवं 4जी नहीं पहुँचा है, उसका निरीक्षण कराया जाये और सतना जिले को 5जी नेटवर्क के साथ जोड़ा जाये।